तापमान
अधिकतम 39 .2 डिग्री
न्यूनतम 11.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025

12 15 दिन नामांकन अभियान को समर्पित करें : कालड़ा



12 लोगों ने लगाया घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप



## खबर संक्षेप

### रविदास मंदिर का ताला तोड़कर चुराया दानपात्र

**यमुनानगर।** गांव छारी में स्थित रविदास मंदिर का ताला तोड़कर चोरों ने दानपात्र चोरी कर लिया। दान पात्र में करीब 15 हजार रुपये थे। गांव छारी निवासी ओम प्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव में रविदास मंदिर बना हुआ है। शाम को श्रद्धालु मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद अपने घर चले गए थे। सुबह जब श्रद्धालु पूजा करने के लिए मंदिर में आए तो उन्होंने मंदिर में रखा दानपात्र गायब मिला। उसने बताया कि दानपात्र में करीब 15 हजार रुपये थे। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### चार हजार रुपये समेत सट्टेबाजी करते दो पकड़े

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस टीम ने अमनदीप सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी गोकट डोगरा व प्रशांत चौधरी पुत्र रामदयाल निवासी शिमलापुरी लुधियाना पंजाब को डाडौला रोड पर सट्टा खाईवाली करते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके पर आरोपियों के कब्जे से सट्टा खाईवाली में प्रयुक्त 3 प्लास्टिक की गिट्टी व दाव पर लगी चार हजार रूपए की नगदी बरामद की है। आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है।

### बाइक की टक्कर लगने से युवक की मौत

**पानीपत।** जीटी रोड पर तेज रफ्तार बुलेट चालक ने सड़क पर पैदल चल रहे देवेश कुमार मूल निवासी आगरा, उत्तर प्रदेश हाल निवासी गांव सिवाह को टक्कर मार दी। हादसे में देवेश की मौके पर ही मौत हो गई। देवेश निजी अस्पताल में काम करता था। मृतक के भाई सीताराम गोस्वामी की शिकायत पर हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस ने बुलेट चालक पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद देवेश का शव उसके भाई को सौंप दिया है।

### स्कूटी सवार बदमाशों ने महिला की बाली छीनी

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर छह में राह चलती महिला सरिता देवी पूल निवासी बिहार हाल निवासी सिद्धार्थ नगर की बाली झपट ले गया। वहीं सरिता ने बदमाश का पीछा किया, लेकिन स्कूट सवार बदमाश फरार हो गया। इधर, सरिता की शिकायत पर हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बैग से एक लाख नकद और गहने किए चोरी

**पानीपत।** पानीपत के कृष्णपुरा निवासी शितू के बैग से अज्ञात चोरों ने एक लाख रुपए कैश व सोने की चेन और अंगूठी चोरी कर ली। शितू अपने पति से लेकर अंबाला से वापस पानीपत लौट रही थी। वहीं शितू की शिकायत पर थाना सिटी पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शितू ने बताया कि चोरी की इस घटना से उनका करीब साढे तीन लाख रूपये का नुकसान हुआ है

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत, तीसरा साथी गंभीर

**पानीपत।** जींद हाईवे पर गांव नारा के पास स्कॉर्पियो व बुलेट बाइक की आमने सामने की टक्कर हो गई। हादसे में बुलेट सवार सौरव निवासी राजीव कालोनी, रविश गोयत निवासी गांव जहाज कलां जिला जींद, चिराग निवासी दत्ता कालोनी, पानीपत गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगिर तीनों घायलों को सिविल अस्पताल ले गए, जहां सौरव व रविश गोयत को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि चिराग की हालत चिंताजनक बनी हुई है। तीनों, जींद के गांव करसंधु स्थित पीडीएम कॉलेज में बी फार्मेसी सेकेंड ईयर के विद्यार्थी है और वीरवार को तीनों बुलेट पर पानीपत से कॉलेज के लिए रवाना हुए थे।

---

सीएम नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से की समीक्षा

# समाधान शिविर में आने वाली शिकायत पर तुरंत हो कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| अम्बाला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सामाधान शिविर में जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, सम्बंधित विभाग उन शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाना सुनिश्चित करें।

- अम्बाला में कुल 1239 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से 1158 का निपटान किया

समाधान शिविर में जो भी शिकायतें प्राप्त होती है उनमें किसी भी तरह कि पैन्डेंन्सी नहीं रहनी चाहिए। सम्बधिंत विभाग बेहतर समन्वय के साथ इन शिकायतों का निपटान करवाएं ताकि प्रार्थियों को न्याय मिले और समाधान शिविर को लगाने का जो मुख्य उद्देश्य है वह सार्थक हो सकें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ से वीरवार को वीसी के माध्यम से प्रदेशभर में आयोजित समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे।



अंबाला। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जुड़ते हुए सीएम नायब सैनी व अधिकारीगण।

इस मौके पर उन्होंने कुछ जिलों व उपमंडल में वर्चुअल प्रक्रिया से समाधान शिविर में पहुंचे प्रार्थियों से भी सीधा बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं को जानकर सम्बधिंत अधिकारियों से भी इस बारे जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से आयोजित समाधान शिविरों में प्रतिदिन कितनी शिकायतें व किस विभाग से सम्बधिंत होती है तथा उनका निपटान करने की दिशा में क्या-क्या कार्रवाई की गई है उसकी भी समीक्षा की।

उन्होंने एक बार फिर सभी अधिकारियों को स्पष्ट किया कि समाधान शिविर में प्राप्त होनी वाली प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता से समाधान करवाना सुनिश्चित करवाएं। इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाते हुए बताया कि जिला अम्बाला में 25 नवम्बर 2024 से 2 अप्रैल 2025 तक कुल 1239 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से 1158 शिकायतों का निपटान किया जा चुका हैं। शेष बची 81 शिकायतों पर सम्बधिंत विभागों द्वारा कार्रवाई की जा रही हैं और जिले में शिकायतों का निपटान करने का प्रतिशत 93.46 है। उन्होनें यह भी बताया कि इन सभी शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निपटान किया जाएगा। वीसी के उपरान्त उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि जिला स्तर पर उपमंडल स्तर पर जो भी शिकायतें प्राप्त होती है उनका भी प्राथमिकता के साथ निपटान करें, यदि किसी समस्या का निपटान करने में कोई तकनीकी या अन्य कारण है जैसे सत्यापन या अन्य है उस बारे सम्बंधित प्रार्थी को भी अवगत करवाएं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर को लगाए जाने का मुख्य उद्देश्य यहीं है कि प्रार्थी की समस्या का समय रहते समाधान करवाना हैं।आज आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने यहां पहुंचे प्रार्थियों की समस्याओं को विस्तार से सुनते हुए इनका समाधान करने की दिशा में सम्बधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। समाधान शिविर में 4 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका मौके पर ही निपटान किया गया।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर एडीसी डॉ ब्रहजीत, एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य साहब सिंह मोहड़ी, डीएसपी सुरेश कुमार, डीएफएससी अपार तिवारी, एसडीओ बिजली निगम जोगिन्द्र, नगर निगम से शेर सिंह के साथ-साथ अन्य सम्बधिंत विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

---

अवैध खनन वालों पर कसा शिकंजा

# जेसीबी और ट्रैक्टर ट्रॉली सीज, 20 वाहनों की जांच

- जिला प्रशासन का खनन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

करनाल के बड़ा गांव में अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन विभाग की टीम ने एक जेसीबी और एक ट्रैक्टर ट्रॉली को अवैध रूप से खनन करते हुए पकड़ा। इन दोनों वाहनों को कुंजपुरा थाने में सीज कर दिया गया। इसके अलावा, अभियान के दौरान 20 अन्य वाहनों की भी जांच की गई, जिनके ई-रवाना बिल सही पाए गए। जिला प्रशासन के निर्देशों के तहत यह कार्रवाई की गई, ताकि अवैध खनन पर सख्त नियंत्रण रखा जा सके। जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि यह कार्रवाई महानिदेशक केएम पांडुरंग और उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देशों के तहत की गई।

सरकार का मुख्य उद्देश्य खनन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना और अवैध खनन को पूरी तरह समाप्त करना है। खनन विभाग की टीम लगातार सतर्कता बरत रही है और जिले में औचक निरीक्षण कर रही है, ताकि कोई भी अवैध गतिविधि सामने आते ही तत्काल कार्रवाई की जा सके।




करनाल। खनन विभाग द्वारा पकड़ी गई जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

### होगी सख्त कार्रवाई

जिला खनन अधिकारी ने बताया कि विभागीय टीम विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य मार्गों और उन क्षेत्रों में निगरानी रख रही है, जहां अवैध खनन की अधिक संभावना रहती है। सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि अवैध खनन किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं होगा और इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

---

# दो युवकों को गिरफ्तार कर बरामद की देशी पिस्टल और जिंदा रौंद

- दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की शाखा सीआईए वन व टू की टीम ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को देसी पिस्टल, जिंदा रौंद व एक मस्कट के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार सीआईए वन पुलिस टीम में तैनात सिपाही सुनील कुमार ने बताया कि वह बुधवार रात टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि गांव भंभौली के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से देशी पिस्टल व दो जिंदा राउंड बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आरोपी युवक की पहचान रशपाल सिंह उर्फ मंगा के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, सीआईए टू पुलिस टीम में तैनात सिपाही जगीर सिंह ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि गांव खारवन के नजदीक एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है।

सूचना के आधार पर उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक मस्कट डबल बैरल 12 बोर की बरामद हुई। आरोपी की पहचान गांव खारवन निवासी गुरप्रीत सिंह उर्फ बड्डा के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

# कुट्टू के आटे और शामक से श्रद्धालु हुए बीमार

- जफरपुर गांव में व्रत के दौरान छह लोग हो चुके हैं बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

जफरपुर गांव में व्रत के दौरान कुट्टू के आटे और शामक से बने भोजन के सेवन से बीमार होने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। मंगलवार को जफरपुर की रहने वाली 45 वर्षीय संजीता और उनकी 20 वर्षीय बेटी उज्जवला को भी इस भोजन के कारण पेट दर्द, उल्टी और दस्त जैसी समस्याएं शुरू हो गईं।

जब उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई तो उन्हें सढ़ौरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वे उपचाराधीन हैं। अब तक जफरपुर गांव में कुल 6 लोग इसके कारण बिमार हो चुके है। संजीता ने बताया कि उन्होंने मंगलवार को शामक के आटे से बना भोजन खाया तो कुछ देर बाद ही उन्हें पेट में दर्द होने लगा और ज्यादा तबीयत बिगड़ने पर उन्हें सढ़ौरा निजी अस्पताल में दाखिला कराया गया। जहां बुधवार को उनकी तबीयत ठीक बताई जा रही है। गौरतलब है कि इससे पहले भी जफरपुर गांव में इसी प्रकार की घटना सामने आ चुकी है। गांव के निवासी सुभाष शर्मा, उनकी दोनों पुत्रवधुएं और उनकी बहन को भी कुट्टू के आटे व शामक भोजन के सेवन के बाद स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। सुभाष शर्मा की तबीयत ज्यादा बिगड गई थी और उन्हें दो दिन अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा। गांव में लगातार बढ़ रहे इन मामलों के कारण स्थानीय निवासीयों में भय और चिंता का माहौल बन गया है।



मुलाना। अस्पताल में उपचाराधीन मरीज।

**बिक्री लगातार जारी**

जफरपुर के सुभाष शर्मा ने शेरपुर गांव के करियाना दुकान से कुट्टू और शामक का आटा लिया था ।संजीता के परिजनों ने शामक का आटा सरावां से लिया था । जिसके खाने के बाद दोनों के परिजन बीमार तक हो गए । लेकिन उक्त दुकानदारों द्वारा अब भी कुट्टू का आटा व शामक का आटा बेचा जा रहा है।

---

# शहर वही तरक्की करता है जिसे देखने बाहरी लोग आएं : विज

पार्क में सुधार कार्यों के संबंध में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बाला

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि शहर वहीं तरक्की करता है जिसे देखने के लिए बाहर से लोग आते हैं।

उन्होंने यह टिप्पणी आज सुभाष पार्क में सुधार कार्यों के संबंध में आयोजित बैठक में की। इस अवसर पर उन्होंने अम्बाला छावनी में टॉय ट्रेन और हॉट एयर बैलून चलाने के लिए दिशा-निर्देश दिए, ताकि पार्क में आने वाले पर्यटकों और बच्चों के लिए और भी आकर्षण जुड़ सके।



अम्बाला। अंबाला। अधिकारियों से मुलाकात करते हुए मंत्री अनिल विज ।

बैठक में मंत्री अनिल विज ने सुभाष पार्क की बेहतरी के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने पार्क में बिजली आपूर्ति को लेकर हॉट लाइन से कनेक्शन देने का निर्देश दिया, ताकि पार्क में लगातार और निर्बाध बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा, मंत्री ने सुभाष पार्क की झील को साफ रखने के लिए मछलियां डालने की योजना बनाई, ताकि झील का पानी स्वच्छ और आकर्षक बना रहे। मंत्री अनिल विज ने सुभाष पार्क में सीजनल और ऑल वेदर फूलों को अलग-अलग स्थानों पर लगाने की बात की, ताकि पार्क हर मौसम में खिलता और आकर्षक दिखाई दे। उन्होंने पार्क में म्यूजिकल फाउंटेन की नियमित चेकिंग और उसे ठीक रखने के भी निर्देश दिए। मंत्री अनिल विज ने सुभाष पार्क में किसी भी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर सख्त आपत्ति जताई और भविष्य में पार्क के अंदर वाहन प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के आदेश दिए।

**एंट्री की दिशा बदलें**

अनिल विज ने सुभाष पार्क में फूड कोर्ट के एंट्री रोड को रोड की दिशा से जोड़ने का आदेश दिया, ताकि जो लोग रोड से गुजर रहे हैं, उन्हें भी खाने-पीने का आनंद लिया जा सके। हॉल में ई-लाइब्रेरी और राउंड टेबल मीटिंग की व्यवस्था करने की भी बात की, ताकि पार्क में आने वाले लोग पढ़ाई भी कर सकें।

उन्होंने यह भी कहा कि पार्क के ओपन एयर थियेटर में स्थाई साउंड सिस्टम लगवाए जाएं और पार्क के विभिन्न हिस्सों में म्यूजिक स्पीकर लगाए जाएं।

---

# युवक पर तलवार व गंडासी से हमला कर किया घायल

- दो बाइकों पर सवार होकर आए थे आधा दर्जन आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी के दुर्गा गार्डन स्थित पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों पर सवार होकर आए आधा दर्जन आरोपियों ने एक युवक पर तलवार व गंडासी से हमला कर घायल कर दिया।

घायल युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने एक आरोपी को नामजद करते हुए पांच अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव लवाना निवासी अमित कुमार ने बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव सारण निवासी सौरव बाजवा के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। मगर उसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगा। अमित कुमार ने बताया कि वह 30 मार्च को दोपहर दो बजे किसी काम से जगाधरी आया था। जब वह दुर्गा गार्डन कॉलोनी में पहुंचा तो दो बाइकों पर सवार होकर आधा दर्जन युवक आए। आरोपियों ने आते ही उस पर तलवार, गंडासी व डंडों से हमला कर दिया।

---

श्रीदेवी मंदिर में 72 वर्षों से लगातार जल रही है मां की 11 अखंड दिव्य जोत

# चैत्र नवरात्र में आस्था का केंद्र बना प्राचीन श्रीदेवी मंदिर

- मंदिर में दिव्य ज्योतियों के दर्शन मात्र से होते हैं सभी बाधाएं दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के उत्तर में स्थित यमुनानगर के रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित प्राचीन श्री देवी मंदिर चैत्र शुक्लपक्ष के नवरात्रों में श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। मंदिर में रोजाना हजारों श्रद्धालु पहुंचकर पिछले 72 वर्षों से लगातार जल रही मां की 11 अखंड दिव्य ज्योतियों के दर्शन कर रहे हैं। मान्यता है कि मां की ज्योतियों के दर्शन करने मात्र से ही सभी तरह की विपदाएं दूर हो जाती हैं।

इससे भी खास बात यह है कि नवरात्रों में मां किसी न किसी श्रद्धालु को कन्या के रुप में दर्शन अवश्य देती हैं। वीरवार को श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर मां के छठे स्वरुप कात्यानी की पूजा अर्चना की।



यमुनानगर। जगाधरी रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री देवी मंदिर में जलती हुई अखंड जोत

### ये है मंदिर का इतिहास

प्राचीन श्री देवी मंदिर का निर्माण सैंकड़ो वर्ष पहले शहर के रेलवे स्टेशन के नजदीक खाली पड़ी भूमि पर जगाधरी के लाला श्याम लाल ने करवाया था। उस समय मंदिर स्थल पर सुनसान जंगल था और यमुनानगर को अब्दुल्लापुर के नाम से जाना जाता था।

बताते हैं कि मंदिर के निर्माण से पहले एक दिन मां ने लाला श्याम लाल के स्वप्न में दर्शन देकर मंदिर निर्माण के लिए आशीर्वाद दिया था। जिसके बाद लाला श्याम लाल ने अब्दुल्लापुर में माता बाला सुंदरी के भव्य मंदिर का निर्माण करवाया। मंदिर में दिनों-दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी और यह सिलसिला अब तक जारी है।

### जल रही 11 अखंड दिव्य ज्योतियों में है आस्था

बताया जाता है कि करीब 72 वर्ष पहले मंदिर के उस समय के पुजारी पंडित जीवानंद ने विश्वशांति की कामना को लेकर मंदिर में मां की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की थी। जो आज तक जल रही है। ज्योति प्रज्ज्वलित के समय पंडित जीवानंद को मां ने कन्या रुप में साक्षात दर्शन दिए थे। मंदिर के वर्तमान पुजारी इंद्रदीप भारद्वाज ने बताया कि जो श्रद्धालु मंदिर में सच्चे मन से पहुंचकर मन्नत मांगता है तो मां उसकी हर मुराद पूरी करती है। खास बात यह है कि नवरात्रों के दौरान मां अपने किसी ना किसी भक्त को कन्या के रुप में दर्शन भी देती हैं।

**अन्य देवताओं की मूर्तियां भी आकर्षण का केंद्र**

मंदिर में स्थापित मंदिर के पुजारी इंद्रदीप भारद्वाज ने बताया कि मंदिर में राम दरबार, मां गायत्री, मां सरस्वती, शिव परिवार, गौ-गोपाल, राधा-कृष्ण, लक्ष्मी नारायण, बाबा भैरवनाथ व दस महाविद्याओं की मूर्तियां स्थापित की जा चुकी हैं। जिनकी प्राण प्रतिष्ठा की जा चुकी है। मंदिर को भव्य बनाने के लिए व श्रद्धालुओं की सुविधाओं को देखते हुए अन्य निर्माण कार्य किए जा रहे हैं।



वीरवार को श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर की मां के छठे स्वरुप कात्यानी की पूजा-अर्चना।

---

### घर में घुसकर व्यक्ति पर हमला, भैंस चोरी करने का आरोप

**यमुनानगर।** कांबोज माजरी दामला में दंपत्ति ने अपने लड़के के साथ मिलकर एक घर में घुसकर व्यक्ति पर हमला कर घायल कर दिया। आरोपियों पर घर से भैंस चोरी करने का भी आरोप है।

कांबोज माजरी दामला निवासी पिंदर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति घर पर काम कर रहा था। इस दौरान उनके गांव का ही रामपाल अपनी पत्नी रानी व लड़के शंटी के साथ उनके घर में घुस गया। आरोपियों ने आते ही उसके पति के साथ बहस शुरू कर दी। इसके दौरान आरोपियों ने उसके पति पर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। जिससे उसका पति घायल हो गया। शोर सुनकर जब वह बाहर आई तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। जाते हुए आरोपी उनकी भैंस चोरी करके ले गए।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### यूनियन के प्रधान चुने गए सुरेश असंध

**करनाल।** वन विभाग मजदूर यूनियन की जिला कमेटी का चुनाव कर्ण पार्क में सम्पन्न हुआ। सीटू जिला सचिव जगपाल राणा की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया हुई। संचालन जिला सचिव सुरेश कुमार ने किया। सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्रधान पद की जिम्मेवारी सुरेश कुमार असंध को मिली। इसके अलावा सचिव सुरेश कुमार करनाल, कैशियर रोशन लाल, उपप्रधान नन्ही देवी, सहसचिव मेजर सिंह, सहसचिव रीना रानी, सहसचिव नरेश कुमार बनाए गए।



### माता रानी की चौकी में पहुंचकर लिया आशीर्वाद

**करनाल।** मां झंडेवाली सेवा समिति की ओर से श्री सेवा समिति आश्रम में नवरात्र के अवसर पर माता की चौकी का आयोजन किया जा रहा है। चाहत कराओके अकैडमी की टीम ने इस धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचकर मां का आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं के साथ बैठक कर मां की महिमा श्रवण की। समिति की ओर से अकादमी की टीम को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अकादमी के आर्गेनाइजर विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि पूरे देश में नवरात्र श्रद्धापूर्वक मनाए जा रहे हैं। करनाल में नवरात्रों में मां झंडेवाली सेवा समिति की ओर से माता की चौकी का आयोजन किया जाता है।

### आईटीआई के छात्र पा सकेगें जापान में रोजगार

**करनाल।** बाबू मूल चंद जैन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश भाटिया ने बताया कि वीरवार को जापान से सुश्री योको ने राहुल मिश्रा के साथ संस्थान का दौरा किया और छात्र-छात्राओं से अनुभव साझा किए। इसके साथ ही संस्थान में चल रही ट्रेड के बारे में जानकारी ली। उन्होंने भविष्य में आईटीआई के छात्र-छात्राओं को जापान में अलग-अलग उद्योगों में जॉब देने बारे में भी चर्चा की। प्रधानाचार्य ने बताया कि युवा, उद्यमिता एवं कौशल रोजगार विभाग के प्रयासों से जापान से सुश्री योको व राहुल मिश्रा ने दौरा किया तथा छात्र-छात्राओं से वार्ता की।

### यातायात नियमों को लेकर किया जागरूक

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज के रोड़ सेफ्टी कल्ब एवं रेड क्रॉस यूनीट की ओर से विद्यार्थियों को यातायात एवं ट्रैफिक नियमों की जानकारी देने के लिए आयोजित कार्यक्रम में यातायात पुलिस करनाल के सहायक पुलिस उप निरीक्षक अजय कुमार ने कहा सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं हेलमेट न पहनने वाले दोपहिया वाहन एवं सीट बेल्ट न लगाने वाले चालकों के साथ होती है। जो चालकों की यह आदतें बहुत बड़ी घटना के लिए जिम्मेदार होती हैं। जिसमें हेलमेट न पहनना और सीट बेल्ट न लगाना शामिल है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को खुद भी जागरूक होते हुए ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए और दुसरे लोगों को भी इसके लिए जागरूक करना चाहिए।

## फसल को सुखाकर व साफ-सुथरा कर मंडियों में लेकर आएं किसान

# गेहूं की आवक से पहले मार्केट कमेटी प्रशासन सतर्क, सचिव ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸। तरावड़ी

तरावड़ी मार्केट कमेटी के सचिव संजीव सचदेवा ने गेहूं की फसल खरीद की तैयारियों व आवश्यक प्रबंधों को लेकर वीरवार को अपने कार्यालय में मंडी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की और उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से भी अनुरोध किया है कि गेट पास के अनुसार ही अपनी फसल को सुखाकर व साफ-सुथरा कर मंडियों में लेकर आएं ताकि उन्हें फसल बेचने में असुविधा न हो।

सचिव ने बाद में पत्रकारों से कहा कि सरकार के निर्देशानुसार 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद का कार्य शुरू हो गया है।। इसलिए रबी सीजन की फसलों की खरीद को लेकर तरावड़ी की अनाज मंडियों में समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही है। क्योंकि तरावड़ी मंडी में अभी गेहूं सीजन शुरू नही हुआ है। अनुमान है कि एक हफ्ते बाद सीजन शुरू हो जायेगा। उन्होंने बताया कि अनाज मंडियों से फसलों के उठान में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आएगी। अगर ट्रांसपोर्ट निर्धारित समय के अनुसार गाड़ी उपलब्ध नहीं कराएगा तो उसे पेनल्टी लगाई जाए। इस कार्य को सभी खरीद एजेंसियों के सुपरवाइजर ईमानदारी से करेंगे। उन्होंने बताया कि ने मंडी कर्मचारियों को निर्देश दिए है कि वे समय रहते अनाज मंडी में साफ-सफाई का समुचित प्रबंध, सीसीटीवी कैमरे, बिजली की व्यवस्था, पीने के पानी के लिए वाटर कूलर, साफ-सुथरे शौचालय, किसानों व श्रमिकों की सुविधा के लिए शेड की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा गेट पास को लेकर पर्याप्त मात्रा में कम्प्यूटर, स्कैनर और कम्प्यूटर ऑपरेटर अवश्य हों। उन्होंने यह भी कहा कि सभी खरीद एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में बारदाना व तिरपाल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। संजीव सचदेवा बताया कि तरावड़ी पुलिस को भी कहा गया है कि वे रबी सीजन के दौरान अनाज मंडियों के आसपास पेट्रोलिंग टीम को तैनात करें और समय-समय पर मंडियों का दौरा करें। ताकि नशे की वस्तुओं के प्रयोग करने पर रोक लग सके। इसके अलावा सीजन के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से जारी रखी जाए। कहीं पर भी जाम की स्थिति न होने दें। उन्होंने बताया कि मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने बाहर से आने वाली महिलाओं के कामकाज पर रोक लगा दी है। यह अच्छा निर्णय है।इससे चोरी की घटनाओं में कमी आयेगी। उन्होंने बताया कि आज मंडी अध्यक्ष की तरफ से उन्हें एक मांगों का ज्ञापन सौंपा गया है। उन सभी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जायेगा।



तरावड़ी। मंडी सचिव संजीव सचदेवा को ज्ञापन सौंपते मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता।

### करनाल में गेहूं सीजन में बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**करनाल।** बीती एक अप्रैल से गेहूं की फसल करनाल की अनाजमंडियों में पहुंचना शुरू हो गई है। इस बीच बिजली विभाग ने खेतों और गांवों में बिजली आपूर्ति को लेकर एडवाइजरी जारी की है। जानकारी के अनुसार गेहूं के सीजन के कारण दिन के समय बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। खेतों की सप्लाई सुबह 8 बजे से लेकर रात 11 बजे तक बाधित रहेगी। वहीं गांवों में बिजली सप्लाई सुबह 8 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। 11 केवी निर्मल कुटिया, 11 केवी कलामपुरा एपी, 11 केवी डबरी एपी, 11 केवी कलामपुरा आरडीएस फीडर्स के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इनके अंतर्गत गांव कलामपुरा, गांव पूंडरक, गांव डबरी, पाल नगर काछवा रोड, जरीफा वीरान आदि क्षेत्र पड़ते हैं। यह जानकारी एसडीओ आपरेशन रामनगर सब डिवीजन सर्वेश दहिया ने दी।



### प्लेसमेंट ड्राइव का किया गया आयोजन

**करनाल।** केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में करियर गाइडेंस और प्लेसमेंट सेल ने प्रधानाचार्या मीनू शर्मा के नेतृत्व में एक सफल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में बीकॉम, एमकॉम, बीबीए, बीसीए, एमएससी कम्पयूटर की अंतिम वर्ष की छात्राओं ने भाग लिया। यह पहल वृंदा ग्लोबल के सहयोग से सम्पन्न हुई, जिसने छात्राओं को पेशेवर दुनिया में कदम रखने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया। प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान वृंदा ग्लोब के प्रतिनिधियों ने 84 आवेदकों का साक्षात्कार लिया और उनकी क्षमताओं एवं कौशल का मूल्यांकन किया। कठोर चयन प्रक्रिया के बाद योग्य उम्मीदवारों को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए, जो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस प्लेसमेंट ड्राइव की सफलता का श्रेय करियर गाइडेंस और प्लेसमेंट सेल की संयोजिका संजना रहेजा और सह संयोजिका डा. साक्षी अनेजा के समर्पण और उत्कृष्ट योजना को जाता है। उनकी प्रतिबद्धता और सटीक योजना ने भर्ती प्रक्रिया को सुचारू और प्रभावी रूप से सम्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानाचार्या मीनू शर्मा ने इस पहल पर गर्व और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कालेज छात्राओं को उज्जवल करियर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## एनसीसी आर्मी विंग का निरीक्षण किया

**करनाल।** हरियाणा एन सी सी बटालियन करनाल के कमांडिंग , ऑफिसर कर्नल के के वेंकट रमन ने पंडित चरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल की एनसीसी आर्मी विंग का विधिवत ऑडिट एवं निरीक्षण किया। कॉलेज परिसर में उनके आगमन पर प्राचार्य डॉक्टर रेखा त्यागी एवं एड्ड एन ओ लेफ्टिनेंट डॉक्टर विजय कुमार ने उनका भव्य स्वागत किया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक स्वरूप एक पौधा भेंट किया । कमांडिंग ऑफिसर के साथ अन्य अधिकारियों ने महाविद्यालय की एनसीसी आर्मी विंग का ऑडिट /निरीक्षण किया साथ ही उत्कृष्ट कैडेटों से संवाद किया एवं उनको रैंक प्रदान किया । निरीक्षण के पश्चात कर्नल के के वेंकटरमन ने महाविद्यालय की एनसीसी आर्मी विंग के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि लेफ्टिनेंट डॉक्टर विजय कुमार के नेतृत्व में यह इकाई उत्कृष्ट कार्य कर रही है । कमांडिंग ऑफिसर के. के. वेंकटरमन जी एक बहुत शांत सरल और सुयोग्य अधिकारी हैं जिनके मार्गदर्शन में हमें बहुत कुछ सीखने को मिला है और मिल रहा है ।

## सीजेएम ने किया जेल लोक अदालत में पेश सभी 5 मुकदमों का निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸। करनाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वीरवार को जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जेल लोक अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन के समक्ष 5 मुकदमे रखे गए। इन सभी 5 मुकदमों का निपटारा किया गया जिनमें 5 मुलजिमों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया। सीजेएम ने जेल में रह रहे बंदियों से बातचीत की, उन्हे मुफ्त कानूनी सेवाओं से अवगत करवाया और उनको प्रदान की जा रही सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। राजकीय महाविद्यालय दादुपुर रोडान में कार्यस्थल पर यौन उत्पीडऩ से संबंधित अधिनियम के प्रति किया जागरूक मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने वीरवार को राजकीय महाविद्यालय दादूपुर रोडान पहुंचकर विद्यार्थियों व अध्यापकों को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न संबंधित अधिनियम सहित स्थानीय कमेटी व आंतरिक कमेटी की जानकारी दी व छात्राओं को उक्त अधिनियम का सही उपयोग करने व झूठी शिकायत न करने के लिए जागरूक किया।



### नशा निषेध केंद्र का निरीक्षण

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने वीरवार को सरकारी अस्पताल में स्थापित नशा निषेध केंद्र का निरीक्षण किया और वहां उपस्थित मरीज से बातचीत कर उसे नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा जिला ए डी आर सेंटर में सुश्री इरम हसन की अध्यक्षता में पैनल अधिवक्ता सोनू कुमार द्वारा पी एल वी के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिससे वे जन साधारण को मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने में सहायक हो सकें।

## खेल व योग के माध्यम से युवाओं को रखा जा सकता है नशे से दूर: डा. गुरनाम सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸। इंद्री

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में खंड स्तरीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता मे खंड इंद्री के सभी स्कूलों के बच्चों ने भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी डा. गुरनाम सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को ध्यान में रखते हुए खंड स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि नियमित योग करने के अनेकों लाभ है। सभी स्कूली बच्चों को नियमित रूप से योग करवाया जाता है। स्कूलों में होने वाली वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में भी योग को शामिल किया जाता है जिसमें बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते है। उन्होंने बताया कि अन्य खेलों की तरह योग में भी रुचि रखनी चाहिए। युवाओं को नशों से दूर रखने में खेलों का बहुत बड़ा रोल होता है। खेलों व योग के माध्यम से युवाओं को नशों से दूर रखा जा सकता है। मेरी सभी अध्यापकों से अपील है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में ज्यादा से ज्यादा संख्या में स्कूली बच्चों की भागीदारी हो। डाइट के सह प्रो ब्रजेश वत्स ने बताया कि यह खंड स्तरीय योग प्रतियोगिता एनसीईआरटी के सौजन्य से पूरे प्रदेश में करवाई जा रही है। जिसमें आयु व कक्षा के अनुसार कई ग्रुप बनाएं गए है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में अव्वल रहने वाले बच्चे जिला स्तर पर व जिला स्तर पर अव्वल रहने वाले बच्चे प्रदेश स्तर में होने वाली प्रतियोगिताओं में अपना प्रदर्शन करेगें। प्रदेश स्तर पर अव्वल रहने वाले बच्चे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगें। उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन को संतुलित रखता है। हम सभी को योग को अपने जीवन में नियमित स्थान देना होगा तभी हमारा स्वास्थ्य ठीक रह पायेगा। यहां सभी स्कूलों के पीटीआई मौजूद रहे।



इंद्री। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में खंड स्तरीय योग प्रतियोगिता मे भाग लेते स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे परिणाम

लड़कियों के 10 से 14 वर्ग आयु वर्ग में हर्षिता ने प्रथम, हिमांशी ने द्वितीय तथा कशिश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कियों के 14 से 17 आयु वर्ग में सिमरन ने प्रथम स्थान, रुखसाना ने द्वितीय व संगीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लडक़ों के 10 से 14 आयु वर्ग में नितिन ने प्रथम स्थान, मनदीप ने द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करके अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। लडक़ों के 14 से 17 आयु वर्ग में जिगयांश ने प्रथम स्थान, भारत भूषण ने द्वितीय एवं गगनदीप ने तीर्थ स्थान प्राप्त करके खंड स्तरीय ओलंपियाड में अपनी प्रतिभा दिखाई ।

## जो लोग माता-पिता की सेवा करते हैं वह घर, घर नहीं अपितु तीर्थ हो जाता है: प्रहलाद रामायणी

हरिभूमि न्यूज ▸▸। तरावड़ी







श्री राम सेवा मंडल तरावड़ी की ओर नवरात्रों के शुभ अवसर पर महाबीर मन्दिर मे संगीतमयी श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। पंचम दिवस की कथा में मुख्य अतिथि के रूप मे हल्का विधायक भगवान दास कबीरपंथी एवं पंजाबी सभा के प्रधान राजीव नारंग ने ज्योति प्रज्जवालित करके श्री राम कथा का शुभारंभ किया। गुरूवार की कथा मे श्री अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक राम कथा मर्मज्ञ विद्वान आचार्य प्रहलाद मिश्रा रामायणी ने कहा कि माता पिता के चरणों में प्रणाम करके दैनिक कार्य का शुभारंभ करते हैं। आज आदर्शक लोकोत्तर पुरुष भगवान श्री राम, आज भी जो लोग माता-पिता की सेवा करते हैं वह घर, घर ही नहीं अपितु तीर्थ हो जाता है। विश्वामित्र का शाब्दिक अर्थ होता है लोक मंगल की भावना रखने वाला और ऐसे महापुरुष के पीछे-पीछे परमात्मा चलता है अनुगमन करता है। मन को लक्ष्य पर लगाए रखने वाला साधक ही लक्ष्मण होता है। हम शरीर और संपत्ति के द्वारा संसार और समाज की सेवा करें परंतु मन सदैव भगवान के चरणों से लगाये। मन चंचल और प्रमथनशील है, लेकिन सतत अभ्यास करने से मन भी बैरागी को प्राप्त हो जाता है। मन को केवल निर्मल ही नहीं बल्कि उसे वंश में करना चाहिए। श्री रामायणी ने बताया की जड़ बुद्धि का नाम अहिल्या है संत विश्व मित्र के इशारे पर भगवान श्री राम ने कृपा की ओर चेतनता प्रदान की। सत्संग से हमारी सोई हुई चेतना जागृत हो जाती है। प्रभु श्री राम के रूप माधुर्य की दिव्य झांकी श्री जनकपुर में और शील का पावन दर्शन हमें श्री धाम अयोध्या में और बल पुरुषार्थ लंका में दृष्टिगोचर होता है।

## कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर गुस्सा जाहिर कर काम ठप्प किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸। करनाल

हुडा विभाग के अंतर्गत कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर गुस्सा जाहिर करते हुए काम ठप्प कर दिया है। गुरुवार को कर्मचारियों ने काम छोड़ कर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। सफाई कर्मचारी एचएसवीपी कर्मचारी यूनियन के बैनर तले अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। यूनियन की ओर से कहा गया कि जब तक सफाई कर्मचारियों की सभी मांगों को स्वीकार कर लागू नहीं किया जाता तब तक धरना प्रदर्शन जारी रखा जाएगा। मीटिंग की अध्यक्षता वरिष्ठ उप प्रधान गुरचरण सिंह ने की और मंच संचालन राजकुमार द्वारा किया गया। कर्मचारियों ने कहा कि वह ईमानदारी के साथ अपनी डयूटी निभा रहे हैं। विभाग द्वारा वेतन जारी नहीं किया जा रहा, यह सरासर अन्याय है। इस अवसर पर सर्कल प्रधान सेवा राम, उपप्रधान सुभाष चंद्र, राज्य उपप्रधान बलबीर सिंह, जिला चेयरमैन सुभाष राणा, रिटायर कर्मचारी संघ के जिला सचिव ओमप्रकाश सिंहमार ,रोशन गुप्ता, प्रवेश कुमार, बृज किशोर, विमल, रानी, पूजा व शेरों आदि मौजूद रहे।




फोटो। एचडी 1

## श्री राम के चरित्र का अनुसरण करना चाहिए: खुशहाल दास

हरिभूमि न्यूज ▸▸। करनाल



श्री रामनवमी के उपलक्ष्य में श्री राम मंदिर सेक्टर आठ में श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को श्री सत जिंदा कल्याण आश्रम कलानौर रोहतक गद्दी नशीं महाराज खुशहाल दास अपने सेवकों व धर्म प्रेमियों को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे। उन्होंने श्री राम के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि श्रीराम विष्णु भगवान के सातवें अवतार के रूप में राजा दशरथ के घर मां कौशल्या के पुत्र के रूप में अवतरित हुए। श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम रहे। राम वीर थे, आदर्श पुत्र भी थे। राजा राम का प्राक्रम शिव धनुष को तोडऩे में पता चलता है। राम में निष्ठा सदाचार दयालुता निर्मलता और वीरता कूट कूट कर भरी हुई थी। हम सब को श्री राम के चरित्र का अनुसरण करना चाहिए। इस मौके पर कथा व्यास राधेश्याम दुबे रामायणी जी ने राम आएंगे राम आएंगे राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी दीप जला के मैं दिवाली मनाऊंगी राम आएंगे राम आएंगे भजन गाया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डिप्टी मेयर मनोज वघवा और आशा बघवा ने शिरकत की। उन्होंने व्यास पीठ की आरती की। इस अवसर पर प्रधान रविंद्र तनेजा, नरेश तनेजा, राम दीत्ता बत्रा, सुनीता बंसल, सरोज गुप्ता आदि रहे।

### गेहूं की फसल अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध

**करनाल।** जिलाधीश उत्तम सिंह ने वीरवार को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत तुरंत प्रभाव से जिला करनाल में गेहूं की फसल की कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों को जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गए हैं तथा 15 मई तक तक लागू रहेंगे।

उन्होंने बताया कि जिले की सीमा के अन्दर गेहूं की फसल की कटाई के पश्चात इसके अवशेषों को जला दिया जाता है जिससे पर्यावरण प्रदूषण, भूमि की उर्वरा शक्ति का कम होना, लाभदायक कीट/जीवाणुओं का समाप्त होना तथा मनुष्य के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा सम्पत्ति व जान-माल की हानि का भी डर बना रहता है। साथ ही पशु चारे में कमी आती है जबकि इन फसल अवशेषों से तूड़ी बनाई जा सकती है।

### नवरात्रों मे माता रानी का गोयल परिवार को आर्शीवाद मिला: बृजभूषण

## डबल चाबी की ओर से हुआ भव्य माता की चौंकी का आयोजन, अनूप जलोटा को लाइव सुनकर मिला मन को सुकून : हरविंद्र कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▸▸। तरावड़ी

डबल चाबी चावल के निर्माता बृज भूषण गोयल, आशु गोयल के परिवार की ओर से भव्य माता की चौकी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से गायक अनूप जलोटा ने मां की सुन्दर सुन्दर भेंटों के द्वारा समां ही बांध दिया।

इस अवसर पर बृजभूषण गोयल ने कहा कि हमारा सौभागय है जो कि नवरात्रों के अवसर पर माता रानी का आर्शीवाद मिला। वहीं कार्यक्रम में भजन सम्राट अनूप जलोटा ने अपनी प्रस्तुति दी। माता का भव्य दरबार मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा माता की चौकी में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध से विधायक योगेन्द्र राणा, इन्द्री से विधायक रामकुमार कश्यप एवं मेयर रेणू बाला गुप्ता ने शिरकत की। अनूप जलोटा ने जैसे ही माता के सुंदर भजन प्रस्तुत किए तो उन्होंने समां ही बांध दिया। गौरतलब है कि अनूप जलोटा एक भारतीय गायक, संगीतकार, और अभिनेता हैं। उन्हें भजन सम्राट के नाम से जाना जाता है। उनके कुछ लोकप्रिय भजनों में ऐसी लागी लगन, मैं नहीं माखन खायो, रंग दे चुनरिया, जग में सुंदर है दो नाम। इस अवसर विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण एवं भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में आकर मन को बहुत सुकून मिलता है तथा अनूप जलोटा स्वयं ही इतनी बड़ी शख्सियत है कि अगर उन्हें एक बार सुनने के लिए बैठ जाओ तो फिर वहां से उठना मुश्किल हो जाता है। भारत ही नहीं विदेशों में भी अनूप जलोटा के करोड़ों प्रशंसक है तथा आज उनके मुख से लाईव माता के भजन सुनकर मन को बहुत शांति मिली है। इस अवसर पर मुख्य रूप से डबल चाबी चावल की मालिक ऊषा गोयल, विनीता गोयल, मीनाक्षी गोयल, पुष्कर गोयल, प्रेक्षा गोयल के अलावा परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे।



तरावड़ी। कार्यक्रम मे अपनी प्रस्तुति देते भजन सम्राट अनूप जलोटा। कार्यक्रम मौजूद विधानसभा स्पीकर हरविन्द्र कल्याण, भगवानदास कबीरपंथी व बृजभूषण गोयल। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### जनता को साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** जिला पुलिस द्वारा वीरवार को साइबर राहगीरी कार्यक्रम के तहत विभिन्न सार्वजनिक स्थान, स्कूल व कॉलेजों में विद्यार्थियों व आमजन को साइबर अपराधों के विरूद्ध और साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। वहीं, साइबर क्राइम जागरूक्ता अभियान के नोडल अधिकारी डीएसपी राजबीर सिंह ने बताया कि तकनीक के इस युग में जितनी तेजी से डिजिटल लेन देन को बढ़ावा मिला है उतनी ही तेजी से ठगी के नए-नए तरिके सामने आ रहे हैं। आज के समय में साइबर अपराध चरम पर है। स्वयं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक कर नागरिक साइबर ठगी से बच सकते हैं।

### पार्षद अशोक का अभिनंदन किया

**पानीपत।** डॉ. बीआर अम्बेड़कर सेवा समिति की ओर से वीरवार को नगर निगम के वार्ड नम्बर सात से तीसरी बार निर्वाचित हुए पार्षद अशोक कटारिया का भव्य अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। असंध रोड स्थित अलाईट होटल में आयोजित किए गए समारोह की अध्यक्षता पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार के भाई और डॉ. बीआर अम्बेड़कर सेवा समिति के प्रधान रोहताश पंवार ने की। इस मौके पर समिति के राजपाल माण्डी, वजीर सिंह, रोहताश दाबड़ा, राधेश्याम, मनोज कुमार, सतपाल सिंह, तेजपाल राठी, आन्नद कुमार, अजीत सिंह, सूरभान भौरिया, सतबीर बामनिया, दलबीर चौहान, अजय, रमेश, राकेश व प्रकाश भौरिया इत्यादि उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायतें आज होंगी सम्मानित

**पानीपत।** प्रधानमंत्री के संकल्प से पूरे भारत वर्ष को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके तहत जिला पानीपत में वर्ष 2023-24 से 19 ग्राम पचायतों व वर्ष 2024-25 में 25 ग्राम पंचायत को ब्रांज पदक के लिए चुना गया है वर्ष 2024-25 में 8 ग्राम पंचायतों को सिल्वर पदक के लिए चुना गया है। उपरोक्त सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचो को शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र दहिया द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी सिविल सर्जन डॉ. विजय मलिक ने दी।

### प्ले स्कूलों का पंजीकरण होगा

**पानीपत।** जिला कार्यक्रम अधिकारी परमिन्द्र कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में संचालित कर रहे प्ले स्कूलों को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा छोटे बच्चों की देखरेख एवं शिक्षा नीति के तहत पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।3 से 6 वर्ष तक के बच्चों का दाखिला मान्य होगा तथा सरकार के नियम व हिदायतों, माप दण्डों के तहत ही संचालन करना होगा।

### कश्यप जयंती ऐतिहासिक होगी

**पानीपत।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मुख्य सचेतक इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप का फूल माला पहनाकर व बुक्का देकर स्वागत किया और शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान आगामी 24 मई को कश्यप जयंती के बारे में बात हुई। इस अवसर पर देवी दयाल कश्यप के साथ इंद्र सिंह कश्यप, प्रधान खड़क सिंह, जगत सिंह कश्यप, अशोक कश्यप, प्रधान ईश्वर सिंह कश्यप, कृष्णा कश्यप, संजय कश्यप, राम दिया कश्यप आदि मौजूद रहे।

## मंडियों में किसानों को मिलेगी मूलभूत सुविधाएं

# पानीपत की मंडियों में गेहूं के एक एक दाने की खरीद होगी

### गेहूं का उठान तेजी से होगा, पुलिस करेगी मंडियों में गश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। गेहूं की खरीद को लेकर बैठक करते हुए डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया आदि।

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने गुरूवार को सभी मंडियों के सचिवों, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गेहूं की फसल की खरीद के संदर्भ में महत्वपूर्ण बैठक की व आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए कहा कि मंडियों में साफ-सफाई, बिजली-पानी झरने, पंखे की विशेष व्यवस्था होनी चाहिए व बारदाने की व्यवस्था करना अधिकारी सुनिश्चित करें। मंडियों में सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। सम्बंधित मंडियों के एसडीएम स्वयं मंडियों की जांच करके व्यवस्था का जायजा लेना सुनिश्चित करें। डीसी ने अधिकारियों को चेताया की यदि मंडी की बजाय सड़कों के किनारे अनाज नजर आया तो बड़ी कार्यवाही के लिए अधिकारी तैयार रहे। डीसी ने मंडियों में आने वाली संभावित रबी की फसल की जानकारी भी अधिकारियों से ली। डीसी ने कहा कि सभी मंडियों की चार दिवारी करवाना सुनिश्चित करें। हर मंडी में पुलिस फोर्स की व्यवस्था की जाए। मंडियों में पहुंचने वाले ट्रैक्टरों पर तीनो साइड में बड़ी टैप लगाएं। मंडियों में आने वाली फसल की लिफ्टिंग में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी ने कहा कि सभी मंडियों में नमी मापक यंत्र की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। मंडियों में गेहूं की फसल आने के बाद किसान का पैसा दिलवाने की जिम्मेदारी सचिवों की बनती है। उसमें किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पानीपत की मंडियों में गेहूं के एक एक दाने की खरीद होगी।

#### गेहूं की लिफ्टिंग खरीद के अगले दिन होगी

*उपायुक्त ने कहा कि मण्डियों में खरीद के बाद अगले दिन ही उठान करना सुनिश्चित करें। जरा सी देरी के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन्होंने आरटीओ को निर्देश दिए कि वे जरूरत पड़ने पर ट्रकों की व्यवस्था करेंगे। मंडी में किसी भी तरह से उठान में देरी ना हो। इसका विशेष ध्यान रखेंगे। उन्होंने कहा कि आढ़तियों ने अगर खरीद में किसी भी तरह की कौताही बरतने की सूचना मिलती है तो उसका लाइसेंस 15 दिन के लिए रद्द किया जा सकता है। जरूरत पड़ने पर उसे ब्लैक लिस्ट भी किया जाएगा। अधिकारी इसके लिए सभी आढ़तियों को सूचित कर दें।*

#### पुलिस करेगी गश्त

डीसी ने कहा कि सम्बंधित मंडियों के थाना अध्यक्ष व होम गार्ड के कर्मचारियों की भी डयूटियां सुरक्षा के दृष्टिगत मंडियों में लगाना सुनिश्चित करें। सुरक्षा के दृष्टिगत सभी मंडियों में एसएचओ सुबह व शाम को अपनी टीम के साथ गश्त करेंगे व अनियिमता पाने पर जरूरत पड़ने पर एफआईआर भी दर्ज कर सकते हैं।

#### फसल को सुखाकर लाएं

उपायुक्त ने ने जिले के किसानों से अनुरोध किया कि वे अपनी फसल को सुखकर मंडियों में लेकर आएं। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज, पानीपत एसडीएम ब्रहमप्रकाश, समालखा एसडीएम अमित कुमार, इसराना एसडीएम आशीष वशिष्ठ, नगराधीश टिनू पोशवाल आदि मौजूद रहे।


पानीपत। जैन किड्स स्कूल में नव शैक्षिक सत्र का शुभारंभ यज्ञ करते हुए टीचर्स व छात्र।

## जैन किड्स स्कूल में यज्ञ के साथ नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ

### बच्चों में स्कूल जाने के प्रति उत्साह दिखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जैन किड्स स्कूल में नव शैक्षिक सत्र का शुभारंभ यज्ञ कर किया। नए शैक्षिक सत्र के पहले दिन स्कूल खुले तो बच्चों में स्कूल जाने के प्रति काफी उत्साह देखने को मिला। बच्चे खिलखिलाते हुए स्कूल पहुंचे। वहीं सबसे ज्यादा उत्साह उन बच्चों के अभिभावकों को था, जिनके बच्चे पहली बार स्कूल पहुंचे थे। शिक्षकों ने बच्चों को खुशनुमा माहौल देने की पूरी कोशिश की। अभिभावक बच्चों को लेकर समय से पहले ही स्कूल के गेट पर पहुंच गए। प्रिंसिपल मोनिका सहगल, सभी शिक्षकों व बच्चों द्वारा मिलकर हवन किया गया। मैनेजर सुभाष जैन और प्रिंसिपल मोनिका सहगल ने सभी छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को नए सत्र की शुरुआत पर बधाई दी और कहा कि हम शिक्षा के उच्च स्तर को बनाए रखने और छात्रों को एक उत्कृष्ट शिक्षण अनुभव प्रदान करने के लिए हमेशा से ही प्रतिबद्ध रहे हैं।

## वक्फ बिल पास होने से भारत के मुस्लिमों को लाभ होगा: हुसैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सैय्यद मेराज हुसैन साबरी, सज्जादा नशीन दरगाह, शाह विलायत ने कहा कि भारत के इतिहास में दो अप्रैल का दिन सुनहरे अक्षरों में दर्ज होगा, इस दिन भारत की लोकसभा में एक ऐसे कानून में बदलाव हुआ है जो एक बार फिर भारत का विभाजन का कारण बनता नजर आ रहा था। अब भारत के लाखों गरीब, बेवा औरतों व अनाथ बच्चों को इन्साफ मिलना सुनिश्चित होगा। बल्कि वे तत्व जो इस कानून का गलत फायदा उठाकर दोनो हाथों से सम्पत्तियां लूट रहे थे या लीज के नाम पर वक्फ सम्पत्तियों को अवैध तरीके से बेचकर अपने घर भर रहे थे अब उनकी जांच होगी। हरियाणा हज कमेटी के अध्यक्ष हुसैन ने कहा कि कानून के लम्बे हाथों से वक्फ में लूट मचाने वाले बक्शे नहीं जाएंगे। वहीं, वे मुस्लिम जो वक्फ की सम्पत्तियों पर छोटे छोटे घर या छोटे मोटे व्यापार कर रहे हैं ऐसे लाखों गरीब मुस्लिमों जिनमें यतीम व बेवा औरतों के आश्रित परिवार शामिल हैं अब वे वक्फ के काले कानून से मुक्त हो गए है। निश्चित रूप से गरीब मुसलमानों को भारत सरकार का संरक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैं वक्फ संशोधन बिल हरियाणा भाजपा के बतौर सदस्य संशोधित वक्फ बिल का दिल से स्वागत करता हूं।

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की सशक्त राह है एक राष्ट्र-एक चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आईसीएआई पानीपत चेप्टर के पदाधिकारी गण डॉ. राजबीर आर्य को स्मृति चिंह भेंट करते हुए।

देश की आजादी के बाद लोकसभा और सभी विधानसभाओं के आम चुनाव 1952 में हुए थे। इस तरह 1957, 1962 और 1967 में भी आम चुनाव साथ साथ हुए। उसके बाद उस समय की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने निजी हित से चुनी हुई कुछ प्रदेश सरकारों को भंग कर दिया। जिसकी वजह से एक साथ चुनाव होने की प्रक्रिया बिगड़ गई और भारत में अलग-अलग समय पर अलग-अलग प्रदेशों में चुनाव होने लगे। यह शब्द सेक्टर 25 स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के सभागार में चार्टर्ड अकाउंट को संबोधित करते हुए मन की बात के प्रदेश संयोजक नरेंद्र भारतीय ने कहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आई सी ए आई के चेयरमैन सोनू गोयल ने की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष भूपेंद्र दीक्षित, सचिव रजनी गोयल, कैशियर जितेंद्र बंगला, कार्यक्रम संयोजक गोविंद सैनी, रविंद्र सिंह, जगदीश धमीजा, विमल गोयल,विमल पृथ्वी, रविंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि अलग-अलग चुनाव होने से देश पर बहुत बड़ा आर्थिक बोझ पड़ता है, इसके साथ ही एक लाख के लगभग सुरक्षा बलों के जवान चुनाव प्रक्रिया में ड्यूटी निभाते हैं, साथ ही स्कूल के अध्यापक जिनको स्कूल में विद्यार्थियों को पढ़ाना था वह पढ़ाना छोड़कर चुनाव प्रक्रिया में अपना योगदान देते हैं जो की छोटे-छोटे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। भारतीय ने कहा कि संविधान में एक साथ चुनाव या अलग-अलग चुनाव का कहीं पर भी जिक्र नहीं है। परंतु जब 1967 तक लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव एक साथ हो सकते हैं तो अब क्यों नहीं। उन्होंने कहा यदि एक समय चुनाव होते हैं तो देश के सुरक्षा बल देश की सुरक्षा में अपना योगदान देंगे, स्कूल के अध्यापक बच्चों को शिक्षित करने और बच्चों का भविष्य बनाने में अपना योगदान देंगे। इसके अलावा अलग-अलग विभागों के कर्मचारी जो की चुनाव के समय चुनाव प्रक्रिया में ड्यूटी देते हैं वह भी संबंधित विभाग में अपना संपूर्ण योगदान देंगे।

#### लोस व विस चुनाव एक साथ होने से अरबों रू. की बचत होगी

एक राष्ट्र एक चुनाव के कुरुक्षेत्र विभाग के संयोजक डॉ. राजवीर आर्य ने अपने संबोधन में कहा की 2024 के लोकसभा चुनाव में भारत सरकार का लगभग 1 लाख 35 हजार करोड़ रुपये खर्च आया और इसी तरह जब सभी प्रदेशों के एवं लोकसभा के चुनाव अलग-अलग होते हैं तो यह खर्च और भी कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने कहा यदि देश में लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव एक साथ होंगे तो देश का लाखों करोड़ रूपया बचेगा। जोकिदेश की मूलभूत आवश्यकताओं जैसे चिकित्सा, शिक्षा, सड़क निर्माण, सुरक्षा आदि पर खर्च होगा और प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनाने का सपना पूर्ण होगा। डॉ. आर्य ने कहा कि जब चुनाव होता है तो उस प्रदेश में आचार संहिता लग जाती है, जिसमें सभी विकास कार्य रुक जाते हैं। जो कि देश का नुकसान है।

## विकास कार्यों का नया रिकॉर्ड बनाया

## भाजपा के शासन में भ्रष्टाचारियों के लिए कोई जगह नहीं : मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा


पानीपत। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली आदि प्रेस वार्ता करते हुए।

पानीपत के गांव पट्टी कल्याणा स्थित सेवा साधना केंद्र में भाजपा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला के समापन के अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने कहा कि भाजपा की हरियाणा सरकार ने गत लगभग 11 वर्षों के दौरान जहां विकास कार्यों का नया रिकॉर्ड बनाया है वहीं बिना खर्ची-पर्ची के प्रदेश के लाखों युवाओं को सरकारी रोजगार देकर युवाओं में एक नई आशा की किरण जगा दी है। भाजपा पानीपत को शक्ति केंद्र के रूप में उभरते हुए देख रही है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के अलावा अधिकतर कार्यशालाओं का आयोजन भी पानीपत की पवित्र भूमि पर किया जा रहा है।केंद्र व प्रदेश सरकार ने अपने गत 10 वर्षों के दौरान रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य करवाए हैं और अनेक जटिल समस्याओं का समाधान भी किया है। भाजपा के लगभग 11 वर्षों के शासन के दौरान एक भी घोटाला नहीं हुआ है। बीजेपी में भ्रष्टाचारियों के लिए कोई माफी का खाना नहीं है।

## डिजिटल के क्षेत्र में अपना करियर बनाएं छात्र: डॉ. मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक के साथ विजेता छात्र।

आईबी पीजी महाविद्यालय में कंप्यूटर विभाग में बीसीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा वेबसाइट मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का संचालन दीप्ति जुनेजा, मिलन शर्मा और पूजा रूहल ने किया। बीसीए द्वितीय वर्ष के सभी विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों पर वेबसाइट बनाई गई। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक द्वारा विजेताओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि इस डिजिटल दुनिया में वेबसाइट डेवलपमेंट या वेबसाइट डिजाइनिंग एक बेहतरीन करियर विकल्प बन चुका है और अगर भविष्य में सफल होना है तो आप वेब डेवलपमेंट के करियर को अवश्य चुने। विभागाध्यक्ष डॉ.विक्रम कुमार ने कहा कि वेब डेवलपमेंट में केवल वेबसाइट को डिजाइन नहीं किया जाता है बल्कि इसमें कोडिंग और प्रोग्रामिंग भी की जाती है। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका अश्विनी गुप्ता और विनय भारती ने निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम अनमोल, द्वितीय सूर्यांशु, तृतीय स्थान पर ध्रुव रहा। इस अवसर पर डॉ.नीतू मनोचा, मोहित, प्रीति मलिक, नीरू, पूजा शर्मा, टिंकू, गणेश व संगीता आदि उपस्थित रहे।

## सीएम ने वीसी से जांची जनता समाधान शिविर की कार्यवाही

### पानीपत में अभी तक 19 हजार समस्याएं कैंप में पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


जनसुनवाई करते उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया आदि।

मुख्यमंत्री नायब सैनी का जनहित का ध्यान रखते हुए प्रदेश भर में नियमित रूप से जनता समाधान शिविरों का आयोजन जिला व उपमंडल स्तर पर कर रहे हैं ताकि जनता की समस्याओं का मौके परनिदान हो सके व प्रदेश विकसित हो सके। मुख्यमंत्री ने पानीपत के उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया से गुरूवार को वर्चऊल बात की व जनता समाधान शिविर में अपनी समस्या लेकर पहुंच रहे शिकायतकर्ताओं की शिकायत का स्टेटस जाना। डीसी डॉ. दहिया ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जिला पानीपत की समस्याओं को लेकर प्रगति से अवगत कराया। उपायुक्त ने कहा कि सभी समस्याओं का गंभीरता से निस्तारण किया जा रहा है। विभागों के अधिकारी दो घंटे समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं की स्थिति को जानकर उनका निवारण करते हैं। पहले कैंप में नागरिक रोजाना पैंशन, बिजली, आधारकार्ड, पुलिस विभाग और क्रीडा विभाग से जुड़ी समस्याएं लेकर पहुंचते थे। अब स्थिति कुछ महीने से बदली है। अब रोजाना 90 के करीब समस्याएं पहुंच रही है। जिनका अधिकारियों के सहयोग से समाधान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जून माह से अब तक 19 हजार के करीब समस्याएं विभिन्न शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गई हैं जिनमें से 16 हजार से ज्यादा का समाधान हो चुका है।

तीन हजार के करीब समस्याओं के समाधान को लेकर कार्य प्रगति पर है। वहीं, 85 प्रतिशत समस्याओं का समाधान हो चुका है। सीएम ने वीसी के माध्यम से शिकायत लेकर आए लोगों से भी संवाद किया। इधर, डीसी कैंप में जनसुनवाई के बाद प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि एक ग्रुप बनाकर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जबकि पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे एक महीने से कम समय में विभाग से जुड़ी समस्याओं पर और गम्भीरता से कार्य करें। एसडीएम ब्रहमप्रकाश ने कहा कि अधिकारी समय का ध्यान रखें। समाधान शिविर में किसी भी तरह की अनुशासनहिनता ना बरते।

## विद्यार्थियों को संघर्षशील व अनुशासित बनाते हैं खेल : डॉ. अनुपम


पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम के साथ विजेता खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज के खिलाड़ियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज पेनचाक सिलाट चैंपियनशिप में चार गोल्ड मेडल समेत कुल नौं मेडल जीत कर कॉलेज और जिले का मान बढ़ाया है। वहीं नेहा और कमल ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में रजत और चेतना ने 60 किलोग्राम भार वर्ग, जतिन सैनी ने 65 किलोग्राम भार वर्ग और चरणजीत ने 90 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीते। जबकि निशांत, मोहित, प्रशांत और प्रशांत कुमार (तुंगल विधा) ने में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पेनचाक सिलाट चैंपियनशिप के लिए कुरुक्षेत्र विश्विद्यालय की टीम में चयनित होकर विश्वविद्यालय स्तर पर गोल्ड मेडल जीते है, जो एसडी कॉलेज के लिए गर्व का विषय रहा। प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने विजेता खिलाडियों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए कहा कि खेलों में भाग लेने से विद्यार्थी संघर्षशील व अनुशासित बनता है। इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों में डॉ एसके वर्मा, डॉ मुकेश पुनिया, दीपक आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय व न्यायालय तहसीलदार एंव सब रजिस्ट्रार साहब, समालखा पानीपत**

**तरूण शर्मा आदि बनाम जनरल पब्लिक**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि तरूण शर्मा पुत्र श्री पूरणचन्द शर्मा पुत्र श्री दुर्गा दास निवासी सराये मौहल्ला, समालखा जिला पानीपत (आधार कार्ड संख्या 2795 4710 9228) ने ट्रांसफर डीड करानी है जो कि मेरे पिता जी स्व. श्री पूरणचन्द शर्मा पुत्र श्री दुर्गा दास जो कि मेरे पिता जी थे। जिनकी मृत्यु दिनाक 06/09/2018 को हो चुकी है और जिनकी मृत्यु के उपरांत 4 जायज वारिस हैं जिनका विवरण इस प्रकार से है:- 1 श्रीमति संतोष शर्मा विधवा 2. सोनिया शर्मा पुत्री 3. वैशाली शर्मा व 4 तरूण शर्मा पुत्र स्व. श्री पूरणचन्द शर्मा हैं। अब हमारे इलावा अन्य कोई वारिस नहीं हैं। और मेरे उक्त पिता की मृत्यु के बाद हम उनके वारिस है। अगर किसी को बैयनामा कराने में कोई ऐतराज हो तो प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अन्दर तहसीलदार एवं सब रजिस्ट्रार साहब समालखा के कार्यालय में असालतन या वकालतन अपनी प्रस्तुति कर सकता है बाद गुजरने मियाद कोई सुनवाई नहीं होगी और दस्तावेज पंजीकृत कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 03/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय मोहर से जारी किया गया है।

**हस्ता/-सब रजिस्ट्रार समालखा, पानीपत**

## दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

### कार्यशाला में हरियाणा के सभी भाजपा जिला अध्यक्षों और सभी मंडल अध्यक्षों सहित 476 लोगों ने भाग लिया

## भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनाने में कार्यकर्ताओं का अहम योगदान

*प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने अपने गत 10 वर्षों के दौरान रिकॉर्ड तोड़ विकास और अनेक जटिल समस्याओं का समाधान भी किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जहाँ हजारों विकास कार्य करवाए हैं ,वही धारा 370 हटवाई, ट्रिपल तलाक से मुस्लिम महिलाओं को मुक्ति दिलवाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा(पानीपत)

पानीपत के गांव पट्टी कल्याणा स्थित सेवा साधना केंद्र परिसर में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का वीरवार को विधिवत समापन हो गया। इस कार्यशाला में हरियाणा के सभी भाजपा जिला अध्यक्षों और सभी मंडल अध्यक्षों सहित 476 लोगों ने भाग लिया और अलग-अलग विषयों पर आधारित 10 सत्रों में पार्टी कार्यकर्ताओं का ज्ञान वर्धन किया गया और पार्टी की विचारधारा से अवगत करवाया गया। भाजपा संगठन के अनुसार अब हरियाणा में 377 मंडल और 27 जिला अध्यक्ष बनाए गए हैं। पहले पांच सत्रों को भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, डॉ.अरविन्द शर्मा, श्याम सिंह राणा, प्रदेश महामंत्री डा.अर्चना गुप्ता एवं सुरेंद्र पुनिया और भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भी संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष प.मोहन लाल बडौली ने दोनों दिन अपने संबोधन के माध्यम से कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया।


पानीपत। भाजपा पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष मोहन बड़ोली। फोटो :हरिभूमि

#### सरकार ने अपने गत 10 वर्षों के दौरान रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य करवाए

*वीरवार को इस कार्यशाला में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, भाजपा सोशल मीडिया आईटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित मालवीय, राष्ट्रीय सचिव ओपी धनखड़ शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर, दीप प्रज्वलित कर वंदे मातरम के साथ हुआ। कार्यशाला को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे राजनीतिक पार्टी ही नहीं सबसे बड़ी विचारधारा भी है। यह कार्यकर्ताओं की कर्मठता का ही परिणाम है। प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने अपने गत 10 वर्षों के दौरान रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य करवाए हैं और अनेक जटिल समस्याओं का समाधान भी किया है।*

**खबर संक्षेप**

### कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**अम्बाला।** जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 4 अप्रैल को प्रातः 11 बजे पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण (भवन एवं सडकें) मंत्री रणबीर गंगवा की अध्यक्षता में होगी। यह जानकारी नगराधीश अभिषेक कुमार ने दी।

### शिकायतें पेंडिंग न छोड़ें अधिकारी: एसडीएम

**बराड़ा।** बराड़ा के एसडीएम अमित भारद्वाज ने समाधान शिविर के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी प्रार्थी अपनी समस्याओं को लेकर शिविर में आएं, उनकी शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निपटान किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी शिकायत का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है, तो भी उसे समयबद्ध तरीके से निपटाने की पूरी कोशिश की जाए। एसडीएम अमित भारद्वाज ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार बराड़ा में उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जो प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक चलते हैं। मौके पर नायाब तहसीलदार गीता राम, एएसआर हिमांशु गौड और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### फसल के अवशेष जलाने पर कार्रवाई होगी: डीसी

**अंबाला।** जिलाधीश एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि वायू प्रदूषण को रोकने व आमजन मानस के स्वास्थ्य को जहन में रखते हुए अम्बाला जिले में फसल अवशेषों में आग ना लगाने को लेकर 3 अप्रैल 2025 बीएनएसएस 2023 की धारा 163 लगाने के आदेश पारित किए है। इन आदेशों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 163 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधीश ने कहा कि उप-निदेशक कृषि एंव किसान कल्याण विभाग द्वारा रबी फसलों की कटाई का कार्य शुरु हो चुका है। फसल कटाई उपरांत कुछ किसान खेतों में बचे हुए फसल अवशेषों को आग लगा देते है, जिस कारण वायु प्रदूषण होता है और वायु प्रदूषण अधिक होने से आंखों में जलन, चमड़ी के रोग व आमजन मानस को सांस लेने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

### यूएचबीवीएन कार्यालय में आज होगी बैठक

**अंबाला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) अम्बाला के अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल ने बताया कि 4 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक यूएचबीवीएन कार्यालय, बलदेव नगर में उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों का निवारण करने के लिए एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता खुद अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल करेंगे। उन्होंने बताया कि इस बैठक में वे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याएं रख सकते हैं, जिनकी बिजली संबंधित समस्याओं का समाधान स्थानीय अधिकारियों से मिलने के बाद भी नहीं हो पाया है। हालांकि, उन उपभोक्ताओं को सुनवाई का अवसर नहीं मिलेगा जिनके बिजली संबंधी मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं या जिनकी शिकायतें दो साल से अधिक पुरानी हैं।

# प्रवेश-उत्सवः 15 दिन नामांकन अभियान को समर्पित करें: कालड़ा

**अंबाला।** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा की अध्यक्षता में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत जिला प्रोजेक्ट क्रियान्वन इकाई की सत्र 2024-25 की अंतिम मासिक बैठक का आयोजन जिला मौलिक शिक्षा कार्यालय में हुआ।

बैठक में पिछले महीने जिले में कराए गए मेगा मॉनिटरिंग से प्राप्त डाटा पर विस्तार से चर्चा की गई और यह तय किया गया कि जिन दक्षताओं में बच्चों का प्रदर्शन कमजोर है, उन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। डीईईओ सुधीर कालड़ा ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से इस पर विस्तृत चर्चा की और आगामी प्रयासों को लेकर निर्देश दिए। बैठक में निदेशालय से आई टीम ने अगस्त 2024 में किए गए एंडलाइन आकलन के डाटा को प्रस्तुत किया और संबंधित दक्षताओं पर चर्चा की।


अंबाला। निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत आयोजित बैठक में भाग लेते अधिकारी फोटो: हरिभूमि

**बैठक में ये रहे मौजूद**

*बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी शहजादपुर ज्योति, खंड शिक्षा अधिकारी साहा कृष्ण कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी नारायणगढ़ सुदेश बिंदल, खंड समन्वयक अंबाला-2 नरोत्तम कुमार, खंड समन्वयक बराड़ा मोनिका, और अन्य शिक्षा विभाग के अधिकारी और सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।*

**योजनाओं का लाभ सभी बच्चों तक पहुंचाएं**

*सुधीर कालड़ा ने इस अवसर पर सभी खंड शिक्षा अधिकारियों एवं अन्य प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे स्कूलों में नामांकन बढ़ाने और कक्षा अवस्थांतरण को शत प्रतिशत करने के लिए समर्पित प्रयास करें। उन्होंने आगामी प्रवेश-उत्सव को 01 अप्रैल 2025 से सभी स्कूलों में सही तरीके से लागू करने पर जोर दिया। इसके अलावा, उन्होंने सभी स्कूलों में शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों में भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया ताकि इनका लाभ सभी बच्चों तक पहुंच सके। बैठक में यह भी बताया गया कि जिला अंबाला के सभी प्राथमिक शिक्षकों का एफएलएन और बालवाटिका 3 का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है, और सभी मेंटर्स की एफएलएन प्रशिक्षण का लक्ष्य भी हासिल कर लिया गया है। डीईईओ सुधीर कालड़ा ने आने वाले 15 दिन नामांकन अभियान को समर्पित करने की अपील की और इस दौरान सभी प्रयासों को तेज करने की बात कही।*

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंबाला शहर विधानसभा के लिए दी बड़ी सौगात

# 11 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली दो सड़कों को मिली मंजूरी

दो सड़कों के निर्माण की स्वीकृति से आधा दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों को लाभ होगा ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंबाला शहर विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। सरकार ने लगभग 11 करोड़ रुपये की राशि मंजूर कर दो सड़कों के निर्माण की स्वीकृति दी है, जिससे आधा दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों को लाभ होगा। इन सड़कों में से पहली सड़क अंबाला-बड़ौला रोड से मटहेड़ी शेखां तक बनेगी, जिसकी लंबाई लगभग 9.40 किलोमीटर है और इसकी लागत करीब 5 करोड़ रुपये अनुमानित है।

- पहली सड़क अंबाला-बड़ौला रोड से मटहेड़ी शेखां तक बनेगी



अंबाला। समाधान शिविर में सीएम नायब सिंह सैनी की वीसी में मौजूद अधिकारी। फोटो: हरिभूमि


**इन गांवों को लाभ**

इस सड़क का निर्माण होने से गांव बहबलपुर, भानोखेड़ी, लखनौर साहिब, तेजा मोहड़ी, और मटहेड़ी शेखां के लोग लाभान्वित होंगे। दूसरी सड़क अंबाला हिसार रोड से नडियाली, खैरा, मेतलां, रसूलपुर से एमएसएन रोड तक बनेगी, जिसकी लंबाई करीब 16 किलोमीटर है और इस पर लगभग 5.94 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके निर्माण से नडियाली, खैरा, मेतलां, रसूलपुर, बकनौर, उदयपुर नकटपुर, बाँहपुर और नन्यौला के ग्रामीणों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी।

**पूर्व राज्य मंत्री ने सीएम का आभार जताया**

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की लगातार सुलझी हुई नीतियों से अंबाला शहर विधानसभा में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि नायब सरकार के नेतृत्व में अंबाला पूरे हरियाणा के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। असीम गोयल ने यह भी बताया कि आगामी समय में अंबाला में और भी विकास कार्य जारी रहेंगे, जिससे पूरे क्षेत्र में समग्र उन्नति सुनिश्चित हो सकेगी।


अंबाला। समस्याओं को सुनते हुए असीम गोयल। फोटो: हरिभूमि

## पूर्व मंत्री असीम गोयल ने सुनीं आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

- पूर्व राज्य मंत्री ने अफसरों को दी सख्त चेतावनी

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने गुरुवार को अंबाला शहर स्थित अपने निवास पर क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही समाधान किया। इस दौरान, लोगों ने विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें उनके समक्ष रखी, जिनका समाधान तत्परता से किया गया। असीम गोयल ने खासतौर पर उन अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी, जो जनता के काम में लापरवाही बरतते हैं और आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर कटवाते हैं।

**लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी**

उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान तत्काल होना चाहिए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूर्व मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का मूल मंत्र है कि जनता ही सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं और जन प्रतिनिधि भी क्षेत्र में जनता की समस्याएं सुन रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे अधिकारियों की सूची मुख्यमंत्री को भेजी जाएगी, जो काम में ढिलाई बरतते हैं या जनता के बार-बार चक्कर लगवाते हैं।

असीम गोयल ने सख्त लहज़े में कहा कि ऐसे अधिकारियों को फील्ड में रहने का कोई अधिकार नहीं है, उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आने वाले दिनों में अंबाला में कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की शुरुआत होने वाली है, और मुख्यमंत्री नायब सैनी का अंबाला से गहरा नाता है, जिससे क्षेत्र में विकास की गति तेज होगी।

## गंदगी साफ कराने पर वार्डवासियों ने जताया साहिल चावला का आभार


बराड़ा। वार्ड नंबर-13 में गंदगी की सफाई करते हुए जेसीबी। फोटो: हरिभूमि

**बराड़ा।** बराड़ा नगरपालिका के वार्ड नंबर 13 के नवनिर्वाचित पार्षद साहिल चावला ने वार्ड में एक प्राइवेट स्कूल के पास स्थित खाली पड़े प्लॉट से काफी समय से पड़ी गंदगी की जेसीबी मशीन से सफाई करवा दी। इसके लिए वार्डवासियों ने पार्षद साहिल चावला का आभार व्यक्त किया। वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड-13 में आर्य पब्लिक स्कूल वाली गली में स्थित इस प्लॉट में पिछले कई सालों से गंदगी और झाड़ियां पड़ी थीं, जिससे मुहल्ले में मक्खी-मच्छरों का आतंक था। इसके कारण वातावरण भी प्रदूषित हो रहा था और किसी भी समय बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ था। वार्डवासियों अश्विनी गोयल, प्रवेश कुमार, गीता रानी, पूजा रानी समेत अन्य ने इस समस्या को लेकर पार्षद साहिल चावला से मदद की गुहार लगाई। साहिल चावला ने इस समस्या का समाधान करते हुए जेसीबी मशीन से प्लॉट की सफाई करवाई। इसके बाद उन्होंने वार्डवासियों से अपील की कि वे अपना कूड़ा-करकट सार्वजनिक स्थानों या किसी के खाली प्लॉटों में न फेंकें। पार्षद साहिल चावला ने कहा कि जल्द ही वार्ड में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी ताकि सफाई व्यवस्था में सुधार हो सके और ऐसी समस्याओं से बचा जा सके। वार्डवासियों ने पार्षद साहिल का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी पहल से मोहल्ले में सफाई की स्थिति में सुधार हुआ है और अब यहां का वातावरण भी साफ-सुथरा रहेगा।

## डीएवी बराड़ा में यज्ञ के साथ नए सत्र का प्रारंभ

**बराड़ा।** डीएवी विद्यालय बराड़ा में आज नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत विशेष रूप से यज्ञ के साथ की गई। विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कपूर ने यज्ञ ब्रह्मा का दायित्व निभाते हुए बच्चों के साथ यज्ञ का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय में खुशी का माहौल था और सभी बच्चों ने उत्साह के साथ यज्ञ में आहुतियां दीं। विद्यालय के नवनिर्मित सत्र का प्रारंभ बच्चों ने तिलक सेरेमनी के साथ किया, जिसमें सभी ने एक-दूसरे से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से ज्ञानवर्धक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। इसके अलावा, कक्षाओं में बच्चों से उनके मन की बात की गई, ताकि अध्यापक और छात्रों के बीच मधुर संबंध स्थापित हो सकें। आज के तकनीकी युग में यह संवाद अत्यंत महत्वपूर्ण है, और विद्यालय का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान देना है। प्राचार्या सुनीता कपूर ने बताया कि विद्यालय नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक चार स्टीम (विज्ञान, गणित, कला, और मानविकी) के साथ क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहा है। विद्यालय का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नैतिकता, सभ्यता, और उच्च मानकों के नागरिक बनाने के साथ-साथ उन्हें कुशल और उच्च पदों पर पहुंचाने की दिशा में कार्य करना है। प्राचार्या ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी और अभिभावकों के विश्वास को धन्यवाद किया, साथ ही कहा कि विद्यालय हमेशा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



## संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह



हरिभूमि न्यूज़, बराडाः संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में कक्षा प्री-नर्सरी से लेकर ग्यारहवीं तक के बच्चों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को ट्रॉफियां देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की प्रिंसिपल वरिंदर कौर ने बच्चों और उनके अभिभावकों की पूरी साल की मेहनत की सराहना की। उन्होंने सभी विजेताओं को आशीर्वाद देते हुए अगले वर्ष भी अपनी मेहनत जारी रखने की प्रेरणा दी, ताकि वे अपने माता-पिता, स्कूल और शिक्षकों का नाम रोशन कर सकें। प्रिंसिपल ने यह भी बताया कि पिछले सत्र में कक्षा दसवीं और बारहवीं के बोर्ड परीक्षाओं में टॉपर्स बच्चों को भी ट्रॉफियां दी गई थीं। समारोह के अंत में सभी बच्चों को रिफ्रेशमेंट देकर विदा किया गया। इसके अलावा, नए सत्र की शुरुआत के मौके पर श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्कूल प्रिंसिपल, सभी अध्यापक और छात्रगण संत बाबा मोहन सिंह जी के समक्ष नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किए और आगामी सत्र की सफलता की कामना की। समारोह का आयोजन विद्यालय के हर्ष और उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

## विधायक निर्मल के साथ नगर निगम कमिश्नर का अपमानजनक व्यवहार


अंबाला। पत्रकारों को जानकारी देते स्थानीय नेता।

**विनोद धीमान ने की कड़ी आलोचना**

**अम्बाला।** अंबाला शहर के स्थानीय नेता विनोद धीमान ने नगर निगम कमिश्नर सचिन गुप्ता के विधायक निर्मल सिंह के साथ अपमानजनक व्यवहार की कड़ी आलोचना की है। दरअसल, जब विधायक निर्मल सिंह नगर निगम कमिश्नर से जनता की समस्याओं को लेकर मुलाकात करने उनके कार्यालय पहुंचे, तो कमिश्नर ने अपनी सीट से खड़े हुए बिना और बैठी अवस्था में विधायक से हाथ मिलाया, जिसे शिष्टाचार की कमी और अनादर के रूप में देखा जा रहा है। विनोद धीमान ने इस घटना पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, अंबाला शहर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि एक विधायक का दर्जा हरियाणा के चीफ सेक्रेटरी से भी ऊपर होता है और उनका इस तरह अपमान स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि यह पहला मामला नहीं है, जब कमिश्नर सचिन गुप्ता का व्यवहार जन प्रतिनिधियों के प्रति अनुचित रहा हो। इससे पहले नगर निगम की मेयर शैलजा सचदेवा के साथ भी ऐसी ही घटना घटित हुई थी, जब उनका स्वागत तो दूर, उनके बैठने की व्यवस्था भी ठीक से नहीं की गई।विनोद धीमान ने नगर निगम कमिश्नर से इस घटना के लिए सार्वजनिक रूप से माफी की मांग की और हरियाणा सरकार व मुख्यमंत्री से इस मामले में उचित कार्रवाई की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारियों का यह रवैया जारी रहा, तो वे इसके खिलाफ आवाज उठाने में पीछे नहीं हटेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गुलजार सिंह, पूर्व पार्षद धर्मपाल चड्ढा, दविंदर बजाज, अशोक वर्मा, वेद बक्शी, कुलदीप सिंह गुल्लू, रोहित शर्मा, प्रतीक चौधरी, अशोक सोनी, बलजिंदर कंबोज, संजय सेठी, हैरी सिंह, सोनू आनंद, दीपक कोहली, हरजीत बबल, रॉबिन खोडा, गुरजोत सिंह और अन्य कई नेता भी मौजूद रहे।

**आयोजन** समागम में भाई रणजीत सिंह ढ़डरियां वाले ने संगत को निहाल किया

# ब्राइट फ्यूचर अकाल एकेडमी में दो दिवसीय समागम का आयोजन, बच्चों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ मुलाना

गांव खान अहमदपुर स्थित ब्राइट फ्यूचर इंटरनेशनल अकाल एकेडमी में गुरू ग्रंथ साहिब सेवक ट्रस्ट और इलाके की संगत के सहयोग से दो दिवसीय गुरू मानयो ग्रंथ चेतना समागम का आयोजन किया गया। यह समागम खालसा पंथ सृजना दिवस वैशाखी को समर्पित था, जिसमें पंज प्यारों की अगुवाई में गुरु ग्रंथ साहिब जी की पवित्र उपस्थिति रही।

समागम में भाई रणजीत सिंह ढ़डरियां वाले ने संगत को निहाल किया और कहा कि गुरुवाणी मनुष्य के जीवन में सुगंध भर देती है। उन्होंने बताया कि गुरुवाणी का पाठ खुद करने और सुनने से ही वाहेगुरु की कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने संगत को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के मार्गदर्शन का पालन करने की प्रेरणा दी, ताकि जीवन में असली सुख और शांति मिल सके। समागम के दौरान बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया और गुरु ग्रंथ साहिब जी की पावन हजूरी में अरदास की।



मुलाना। विजेताओं को पुरस्कार देते आयोजक।

**जसनीर कौर ने पाया प्रथम स्थान**

समागम के पहले दिन एकेडमी में गुरमत मुकाबलों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कविता मुकाबले में 5वीं कक्षा की जसनीर कौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गुरबाणी शुद्ध उच्चारण मुक़ाबले में जसमीत कौर और गुरनीर कौर ने प्रथम स्थान हासिल किया। सिखी बाणा मुकाबले में दिलजीत कौर ने पहला स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को आयोजकों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

**हाइवे के किनारे बन रहे नाले की गुणवत्ता पर उठे सवाल**

# लोगों ने लगाया घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ मुलाना

नेशनल हाईवे 344 के किनारे बनाए जा रहे नाले की निर्माण गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोगों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। नागरिकों का कहना है कि नाले के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे इसकी मजबूती पर संदेह उत्पन्न हो रहा है।

इसके साथ ही निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण आम जन और स्थानीय दुकानदारों को भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासी परमजीत सिंह, संतोष कुमार, अनुज, औपिंद्र, रणबीर, गौरव, नरेंद्र कुमार, सौनु, अनुज कुमार, सुमित और अन्य ने आरोप लगाया है कि नाले के निर्माण में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि सीमेंट और कंक्रीट की मात्रा कम होने के कारण नाले की मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं। कुछ जगहों पर निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है, और जहां निर्माण हुआ है, वहां सरिया तक बाहर दिखाई दे रहा है। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि नाले का निर्माण जल्द ही जर्जर हो सकता है। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य की धीमी गति और गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए संबंधित विभाग से इस समस्या का समाधान शीघ्र करने की मांग की है। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया है कि नाले के निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की जाए और इसे जल्दी पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।


मुलाना। नाले की गुणवत्ता के बारे में जानकारी देते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

**यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं**

यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। यदि ऐसा है तो हम नाले की जांच करवा लेंगे। किसी को भी परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

-गगन कुमार
एनएचएआई साइट इंजीनियर